भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 928**
सोमवार 10 फरवरी, 2025
21 माघ, 1946 (शक)

**विनिवेश से प्राप्तियां**

928 **श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में विनिवेश से प्राप्त आय के संबंध में क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इसके लिए संगठनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) वित्तीय वर्ष 2024-25 में सरकार द्वारा विनिवेश से प्राप्त वास्तविक आय कितनी है और ऐसी प्राप्तियों के स्त्रोत क्या हैं; और
(ग) निर्धारित लक्ष्य और विनिवेश से प्राप्त वास्तविक प्राप्तियों, यदि कोई हों, के बीच अंतर के क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

**(क) :** वित्तीय वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान (आरई) चरण से अलग विनिवेश लक्ष्य/प्राक्कलन निर्धारित करने को रोक दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान विनिवेश प्राप्तियों के लिए कोई अलग प्राक्कलन/लक्ष्य नहीं है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान (बीई) चरण में विविध पूंजी प्राप्तियों के तहत 50,000 करोड़ रुपये रखे गए थे, जिसे आरई चरण में परिशोधित कर 33,000 करोड़ रुपये कर दिया गया है। विविध पूंजी प्राप्तियों में विभिन्न तंत्रों के माध्यम से इक्विटी निवेशों और सार्वजनिक परिसंपत्तियों के प्रबंधन के कारण प्राक्कलित प्राप्तियां शामिल हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए विविध पूंजी प्राप्तियों (एमसीआर) हेतु बजट अनुमान 47,000 करोड़ रुपये रखा गया है।

**(ख) :** विनिवेश/परिसंपत्ति मुद्रीकरण एक सतत् प्रक्रिया है, और विशेष सौदों का निष्पादन/संपन्न होना बाजार परिस्थितियों, घरेलू और वैश्विक आर्थिक दृष्टिकोण, भू-राजनैतिक कारकों, निवेशक अभिरूचि और प्रशासनिक व्यवहार्यता पर निर्भर करता है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान, सरकार ने विभिन्न विनिवेश सौदों के माध्यम से (दिनांक 04.02.2025 की स्थिति के अनुसार) विनिवेश प्राप्तियों के रूप में 8,625.05 करोड़ रुपये का प्राप्त किए। विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं | इकाई का नाम | विनिवेश की पद्धतियां /अन्य | वास्तविक प्राप्तियां (₹ करोड़) |
|---|---|---|---|
| 1. | भारतीय साधारण बीमा निगम (जीआईसी) | बिक्री की पेशकश | 2,345.55 |
| 2. | कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड | बिक्री की पेशकश | 2,015.32 |
| 3. | हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड | बिक्री की पेशकश | 3449.18 |
| 4. | एसयूयूटीआई से प्रेषण | अन्य | 815.00 |
| 5 | फेरो स्क्रेप निगम लिमिटेड (एमएसटीसी लि. सहायक कंपनी) | रणनीतिक विनिवेश | 0.00* |
| **कुल** | | | **8625.05** |

* फेरो स्क्रैप निगम लिमिटेड (एफएसएनएल) एमएसटीसी लिमिटेड की 100% सहायक कंपनी थी। एमएसटीसी लिमिटेड द्वारा धारित एफएसएनएल के 100% शेयरों की बिक्री के लिए मैसर्स कोनोइक ट्रांसपोर्ट कंपनी लिमिटेड की उच्चतम बोली 320 करोड़ रुपये के इक्विटी मूल्य पर सरकार द्वारा स्वीकार की गई थी। प्राप्तियां एमएसटीसी लिमिटेड को प्राप्त हुई है, न कि सरकार को।

(ग) : बेमेल का सवाल नहीं उठता क्योंकि 2023-24 से विनिवेश प्राप्तियों के लिए कोई अलग/विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया है।

*****